Feasibility Study of Petroleum Production in Andhra Pradesh

4563. SHRI PUTTAPAGA RADHAKRISHNA : Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) Whether any feasibility study has been undertaken by Government regarding the production of petroleum in the offshore and onshore areas of Andhra Pradesh; and

(b) If so, what are the details thereof?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI BRAHM DUTT): (a) and (b) A study was carried out by M/s. Engineers India Limited to prepare pre-investment feasibility report for starting oil production only from GS-16 structure in Krishna Godavari offshore basin. The structure is expected to be put on production through an Early Production System by the middle of 1989.

नेशनल कोल डेवलपमेंट कारपोरेशन के अधीन सुदामडीह खानें

4564. **श्री राम जेठमलानी** : क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) नेशनल कोल डेवलपमेंट कारपोरेशन द्वारा संचालित सुदामडीह खानों और कोल वाशरी की वर्तमान उत्पादन क्षमता क्या है ;

(ख) क्या यह सच है कि गत अनेक वर्षों के दौरान यह संगठन अपनी क्षमता के अनुरूप उत्पादन करने में विफल रहा है ;

(ग) यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान इसकी लक्ष्यगत क्षमता कितनी थी और इस अवधि के दौरान प्रति वर्ष वास्तविक उत्पादन कितना हुआ ; और

(घ) क्या यह भी सच है कि इस कमी के कारण उत्पादन लागत बढ़ गई है और यदि हां, तो इस संबंध में तथ्य क्या हैं ?

ऊर्जा मंत्रालय में कोयला विभाग में राज्य मंत्री (श्री सी.के. जाफर शरीफ) : (क) से (ग) सुदामडीह खान और वाशरी के संचलन का काम कोल इंडिया लि० की सहायक कंपनी भारत कोकिंग कोल लि. कर रही है । सुदामडीह खान की स्वीकृत क्षमता 1.65 मिलियन टन प्रति वर्ष है और वाशरी का लक्ष्य 2.0 मिलियन टन प्रति वर्ष कच्चे कोयले का है । परन्तु, इस खान में, समक्ष आ रही अत्यन्त कठिन भू-खनन परिस्थितियों के कारण, इस खान का काम इसकी स्वीकृत क्षमता के मुताबिक नहीं रहा है । केन्द्रीय खान आयोजन एवं डिजाइन संस्थान लि. द्वारा किए गए मूल्यांकन के अनुसार, खान की वर्तमान उत्पादन क्षमता 0.60 मिलियन टन है और वाशरी की वर्तमान उत्पादन क्षमता 1.50 मिलियन टन है । पिछले तीन वर्षों के वास्तविक उत्पादन के आंकड़े निम्नलिखित हैं :